SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES- 4 (TERM-1)

Grade - 3

Subject: हिंदी

Prepared by: Renu Sharma

LESSON- , व्याकरण – वचन , अशुद्धि शोधन

व्याकरण - वचन

वचन - शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का पता चले , उसे वचन कहते हैं |

वचन दो प्रकार के होते हैं - १) एकवचन   २) बहुवचन

१) एकवचन - जिस शब्द से उसके एक होने का पता चले ,उसे एकवचन कहते है |
जैसे -लड़का ,बच्चा ,एक पुस्तक ,आँख ,औरत |

२) बहुवचन - जिस शब्द से उसके एक से अधिक होने का पता चले , उसे बहुवचन कहते हैं |
जैसे - लडके ,बच्चे ,पुस्तकें ,आँखें ,औरते |

* एकवचन और बहुवचन शब्दों के कुछ उदहारण–

एकवचन	**बहुवचन**	**एकवचन**	**बहुवचन**
लड़का	लड़के	लड़की	लड़कियाँ
बच्चा	बच्चे	आँख	आँखें
घोड़ा	घोड़े	औरत	औरतें
तारा	तारे	चिड़िया	चिड़ियाँ
पुस्तक	पुस्तकें	दवाई	दवाइयाँ
मिठाई	मिठाइयाँ	बालिका	बालिकाएँ
सेना	सेनाएँ	माला	मालाएँ

व्याकरण - अशुद्धि शोधन

हमारे देश में अनेक भाषाएँ और बोलियाँ बोली जाती हैं | कभी - कभी उनके उच्चारण , मात्राओं के प्रयोग और लेखन में कुछ गलतियाँ हो जाती हैं| इन गलतियों के दो कारण हैं - अशुद्ध उच्चारण और अशुद्ध वर्तनी |

१. दिए गए अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए -

अशुद्ध शब्द	शुद्ध शब्द
गूलाब	गुलाब
क्योंकी	क्योंकि
चलाक	चालाक
रितु	ऋतु
प्रंतु	परंतु
कक्शा	कक्षा

२. दिए गए वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए -

i) आज मेरे दादी जी ने जाना है |
सही वाक्य - आज मेरी दादी जी को जाना है |

ii) मेरे को दूध नहीं पीना है |
सही वाक्य - मुझे दूध नहीं पीना है |

iii) बच्चे को काटकर सेब खिलाओ |
सही वाक्य - बच्चे को सेब काटकर खिलाओ |

iv) मुझे एक ठंडा गिलास पानी चाहिए |
सही वाक्य -मुझे एक गिलास ठंडा पानी चाहिए |